07/10/2023

आकाशवाणी ईटानगर

एशियाई खेलों में भारत ने 100 पदक प्राप्त करने के लक्ष्य को शानदार तरीके से हासिल कर लिया है। महिला कबड्डी के फाइनल में भारत ने चीनी ताइपे को हराकर देश के लिए एक सौवें पदक पर कब्जा करते हुए स्वर्ण पदक जीता है। भारत पच्चीस स्वर्ण, पैतीस रजत और चालीस कांस्य सहित कुल 100 पदक जीतकर चौथे स्थान पर है। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, केंद्रीय मंत्री अनुराग सिंह ठाकुर, किरेन रिजिजू और अरुणाचल के मुख्यमंत्री पेमा खाण्डू ने 19वें एशियाई खेलों में सौ पदक जीतने पर भारतीय खिलाडियों को बधाई दी है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सोशल मीडिया पर एक पोस्ट में कहा कि यह एशियाई खेलों में भारत के लिए एक यादगार उपलब्धि है। श्री मोदी ने कहा कि 100 पदकों की महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल करने पर हर देशवासी रोमांचित है। श्री मोदी ने कहा कि वे एशियाई खेल में शामिल भारतीय दल से मंगलवार को मुलाकात करेंगे।

0000000000000000

केंद्रीय वित्तमंत्री निर्मला सीतारामन की अध्यक्षता में आज नई दिल्ली में वस्तु और सेवाकर-जीएसटी परिषद की 52वीं बैठक हुई। बैठक में केंद्रीय वित्त राज्य मंत्री पंकज चौधरी के साथ राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के वित्त मंत्रियों ने भी भाग लिया।

बाद में संवाददाताओं को जानकारी देते हुए वित्तमंत्री ने बताया कि बैठक में जीएसटी अपीलीय ट्राइब्यूनल के अलावा बाजरा तथा शीरे पर जीएसटी की दरों के बारे में कई महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए। उन्होंने कहा कि परिषद ने शीरे पर जीएसटी 28 फीसदी से घटाकर 5 प्रतिशत

करने का फैसला लिया है, जिससे गन्ना किसानों को फायदा होगा। वित्त मंत्री ने यह भी कहा कि 70 प्रतिशत बाजरा युक्त आटा खुले में बेचे जाने पर उसपर कोई जीएसटी नहीं लगेगा। लेकिन अगर इसे पैक करके और लेबल लगाकर बेचा जाता है तो इस पर 5 प्रतिशत जीएसटी लगेगा।

जीएसटी अपीलीय ट्राइब्यूलन के संबंध में किए गए बदलावों के बारे में उन्होंने कहा कि ट्राइब्यूनल के अध्यक्ष की अधिकतम आयु सीमा अब 70 वर्ष होगी जबकि सदस्यों के लिए यह आयुसीमा 67 वर्ष रखी गई है। वित्त मंत्री ने यह भी कहा कि जीएसटी परिषद ने एक्स्ट्रा न्यूट्रल अल्कोहल पर कर लगाने का अधिकार राज्यों को सौंप दिया है। उन्होंने कहा कि परिषद ने मानव उपभोग के लिए इस्तेमाल होन वाली शराब बनाने के में इस्तेमाल किए जाने वाले ऐसे एक्स्ट्रा न्यूट्रल अल्कोहल को जीएसटी से बाहर रखने की सिफारिश की है। इसके लिए जीएसटी की कानून समिति आवश्यक कानूनी संशोधनों पर विचार करेगी।

जीएसटी परिषद ने सरकारी निकायों को की जाने वाली जल आपूर्ति, सार्वजनिक स्वास्थ्य, स्वच्छता संरक्षण, ठोस अपशिष्ट प्रबंधन और उन्नयन की सेवाओं को छूट देने की भी सिफारिश की है। परिषद ने यह भी सुझाव दिया है कि भारतीय रेलवे द्‌वारा सभी वस्तुओं और सेवाओं की आपूर्ति पर फॉरवर्ड चार्ज मैकेनिज्म के तहत कर लगाया जाएगा ताकि वे इनपुट टैक्स क्रेडिट का लाभ उठा सकें, जिससे भारतीय रेलवे के खर्चे कम हो जाएंगे।

0000000000000000

अरुणाचल प्रदेश महिला कल्याण सोसायटी ने सेप्पा सेक्स रैक्ट में

नाबालिक स्कूल की छात्राओं को शामिल करने के मामले की वरिष्ठ अधिकारी की निगरानी में महिला पुलिस अधिकारी से कराने की मांग की है। अरुणाचल प्रदेश महिला कल्याण सोसायटी ने कहा है कि गत उन्तीस अगस्त को इस मामले में दर्ज प्राथमिकी आधार पर आरोपी की गिरफ्तारी के बाद जाँच प्रक्रिया में खामियों के चलते जमानत मिलने पर चिंता व्यक्त की है। महिला संगठन ने अध्यक्ष के.एन. मालिन के नेतृत्व में शुक्रवार को राज्य के पुलिस महानिदेशक आनंद मोहन से मुलाकात की और उन्हें इस संबंध में ज्ञापन सौंपा।

00000000000000000

विधायक तेची कासो ने आज ईटानगर राजधानी क्षेत्र के राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या चार सौ पंद्रह से डिक्रोंग कॉलोनी निरजुली के बीच सीमेंट कंक्रीट रोड का उद्घाटन किया। डी-सेक्टर से होते हुए डिक्रोंग कॉलोनी तक आवासीय क्षेत्रों के लोगों को इस मार्ग के बनने से आनेजाने में सुविधा होगी।

इस अवसर पर ईटानगर नगर निगम के कॉर्पोरेटर ताई नाचुंग और बोरुम क्षेत्र के जिला पंचायत सदस्य तोक तामा और पीडब्लूडी नाहरलगुन डिविजन के एक्जिक्यूटिव इंजीनियर ताना निकम तारा मौजूद थे।

000000000000000000

मुख्यमंत्री पेमा खाण्डू ने अपने एक ट्वीट में बताया है कि सरकार आपके द्वार कार्यक्रम के शुरु होने से अब तक ग्यारह लाख छियासी हजार से अधिक लोगों को छब्बीस मेगा और एक हजार छियालीस रेगुलर कैंप के माध्यम से योजनाओं का लाभ पहुंचाया गया है। दिबांग

वैली जिले के रानली विलेज में आयोजित सेवा आपके द्‍वार शिविर में स्थानीय लोगों ने केंद्र और राज्य सरकार के विभिन्न विभागों की योजनाओं का लाभ उठाया। इस अवसर पर एनडीआरएफ की बारहवीं बटालियन द्‍वारा भूकंप सहित विभिन्न प्राकृतिक आपदाओं के समय जीवन रक्षा के बारे में लोगों को जरूरी टिप्स दिए गए।

0000000000000000000000

हरियाणा के सैनिक स्कुल कुंजपुरा में आगामी नौ से अट्ठारह अक्टुबर तक आयोजित होने वाले अखिल भारतीय सैनिक स्कुल ऱाष्ट्रीय खेल प्रतियोगिता में भाग लेने के लिये आज सैनिक स्कुल ईस्ट सियांग के कुल छह कैडेट रवाना हुए। जिसमें कैडेट डोनी तमुक कैडेट, कैडेट सिंडा मिपी, कैडेट आदित्य दिवाकर, कैडेट कालिंग डेंगगेन, कैडेट एडो तासुंग और कैडेट पाबोम हेगिंग चिराम शामिल है।